श्री मनीराम बागड़ी : अध्यक्ष जी, मैं एक बात यह आप को बताना चाहता हूं कि मुझ सूचना मिली है कि होली पर वहां पर विस्तार से फसाद होने वाला है। आप उस की कण्डमनेशन अपनी तरफ से कर दें।

अध्यक्ष महोदय : मै तो यह सोच भी नही सकता?

श्री मनी राम बागड़ी : जब वह हो जाएगा तब .... (**व्यवधान**)..

अध्यक्ष महोदय : उस के पहले ही हम इसे कर लेंगे।

श्री मनी राम बागड़ी : होली पर वहां पर तूफान आने वाला है।

अध्यक्ष महोदय : उस से पहले इसे करेंगे।

..(**व्यवधान**).

COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

SEVENTH REPORT

SHRI BANSI LAL (Bhiwani): Sir, I beg to present the Seventh Report (Hindi and English versions) of the Committee on Public Undertakings on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Forty-fourth Report of the Committee on Public Undertakings (Sixth Lok Sabha) on Tea Trading Corporation of India Ltd., General Functioning and Internal Sales (Ministry of Commerce—Department of Commerce).

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत): एक मिनट आप मुझे दीजिए।

अध्यक्ष महोदय : अब यह हो तो गया है।

श्री हरीशकुमार गंगवार : वह दूसरी बात है। .. (**व्यवधान**) ...

अध्यक्ष महोदय : आज लंच ब्रेक न करें, तो क्या हर्ज है।

(**व्यवधान**)

श्री हरीशकुमार गंगवार : अध्यक्ष जी, मैंने एक एजोर्नमेंट मोशन दिया है।

अध्यक्ष महोदय : यह नही हो सकता। नाट एलाऊड।

श्री हरीशकुमार गंगवार : बरेली के आसपास .. (**व्यवधान**).. अदालतें. बन्द है। मैंने एजोर्नमेंट मोशन दिया है। आप एक वक्तव्य ही मंत्री जी से दिलवा दीजिए।

अध्यक्ष महोदय : आप लिख कर दीजिए। एजोर्नमेंट मोशन नहीं हो सकता। कालिंग एटेंशन, हो सकता है। मैं 377 में इस को करवा दूंगा।

श्री हरीशकुमार गंगवार : करवाएंगे?

अध्यक्ष महोदय : जरूर एलाऊ करूंगा। आप का दिलवा देते है। इनकी बात दूसरी है।

श्री हरीशकुमार गंगवार : बड़ा इम्पोर्टेंट इशू है। इस पर एक वक्तव्य दिलवा दीजिए। .. (**व्यवधान**)..

अध्यक्ष महोदय : श्री रास बिहारी बहेरा।